This question paper contains 3 printed pages.

Your Roll No. ....

Sl. No. of Ques. Paper	: **6245**	**F-5**
Unique Paper Code	: **2271503**	
Name of Paper	: **Political Economy**	
Name of Course	: **B.A. (Hons.) Economics**	
Semester	: **V**	
Duration	: **3 hours**	
Maximum Marks	: **75**	

(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिये गये निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिये।)

NOTE:— *Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

टिप्पणी:— *इस प्रश्नपत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।*

This question paper is divided into two Sections, A and B. Each question in Section A carries 15 marks and each question in Section B carries 20 marks.

Attempt any **one** *question from Section A and any* **three** *questions from Section B.*

इस प्रश्नपत्र में दो खण्ड, अ और ब हैं। खण्ड अ का प्रत्येक प्रश्न 15 अंकों का तथा खण्ड ब का प्रत्येक प्रश्न 20 अंकों का है। खण्ड अ से कोई **एक** *प्रश्न तथा खण्ड ब से किन्हीं* **तीन** *प्रश्नों के उत्तर दीजिये।*

SECTION A (खण्ड अ)

1. What were the historical developments that created the essential conditions for the rise of capitalism in Western Europe?

   पश्चिमी यूरोप में पूंजीवाद के उदय के लिये आवश्यक परिस्थितियों को ऐतिहासिक विकास के किन घटनाक्रमों ने पैदा किया? 15

2. Define the value of a commodity and the value of labour power. What is the source of surplus value? Distinguish between absolute and relative surplus value.

   वस्तु के मूल्य और श्रम-शक्ति के मूल्य को परिभाषित कीजिये। अतिरिक्त मूल्य का क्या स्रोत है? निरपेक्ष और सापेक्ष अतिरिक्त मूल्य में भेद कीजिये। 5+5+5

P.T.O.

3. Explain the justification of 'restrictive practices', 'price rigidities' and 'conservation of capital' in Schumpeter's analysis of large firm behaviour.

बड़ी फर्म के व्यवहार के बारे में शुमपीटर के विश्लेषण द्वारा 'प्रतिबंधात्मक व्यवहारों', 'कीमतों में दृढ़ता' और 'पूंजी के संरक्षण' को उचित ठहराने के तर्क को समझाइये। 15

SECTION B (खण्ड ब)

4. "Maintaining full employment is inconsistent with the capitalist system." Evaluate the above statement in the contexts of (i) Marx's concept of "reserve army of labour", (ii) Kalecki's explanation of "political opposition to full employment". Draw the interconnections between the two.

"पूर्ण रोजगार बनाए रखना पूंजीवादी व्यवस्था के साथ असंगत है।" इस कथन का निम्नलिखित दो संदर्भों में मूल्यांकन कीजिये और दोनों के बीच अंतर-संबंध निकालिये:

(i) 'श्रम की आरक्षित सेना' की मार्क्स की अवधारणा

(ii) 'पूर्ण रोज़गार का राजनैतिक विरोध' का कलेच्की का स्पष्टीकरण। 20

5. What is the role of 'social productive forces' in the theory of historical materialism? What is the scope of human intervention in shaping historical transformations in this theory?

ऐतिहासिक भौतिकवाद के सिद्धांत में 'सामाजिक उत्पादक शक्तियों' की क्या भूमिका है? इस सिद्धांत में ऐतिहासिक परिवर्तनों को आकार देने में मानवीय हस्तक्षेप की क्या गुंजाइश है? 12+8

6. Explain the theory of 'underconsumption crisis'. Does the inclusion of investment demand alter the basic assertion of the theory? Can Keynesian demand management strategies be a long-term solution to the occurrence of crisis due to underconsumption and to crisis in capitalism in general?

"अल्प उपभोग संकट" के सिद्धांत को समझाइये। क्या निवेश की मांग को शामिल करने से इस सिद्धांत के बुनियादी दावे में परिवर्तन हो जाता है? क्या केन्स की मांग प्रबंधन की नीति अल्प-उपभोग द्वारा संकट और सामान्य रूप से पूंजीवाद में संकट की संभावना का दीर्घकालिक हल हो सकती है? 6+6+8

7. "The roots of the current crisis lie in the particular solution that was proposed to sort out the previous systemic capitalist crisis (especially in the US) in the late 1960s and 1970s." (*Vamsi Vakulabharanam*). Discuss.

"1960 के दशक के अंत और 1970 के दशक के पिछले प्रणालीगत पूंजीवादी संकट (विशेष रूप से अमेरिका में) को सुलभाने के लिये जो प्रस्तावित समाधान था, उसी में मौजूदा संकट की जड़ें हैं।" (*वामर्सा वकुलाभरनम*). इस पर चर्चा कीजिये। 20

8. How are the features of finance capital in our times different from those analysd by Lenin? What are the consequences of the finance capital led contemporary globalisation process for the third world?

   हमारे समय में वित्तीय पूंजी की विशेषताएं लेनिन के विश्लेषण से किस प्रकार भिन्न हैं? वित्तीय पूंजी के नेतृत्व में चल रही समकालीन भूमण्डलीकरण प्रक्रिया के तीसरी दुनिया के लिये क्या परिणाम हैं? 10+10

9. Explain the term 'other-regarding' preferences? Do you think generous behaviour is irrational? Can cooperative behaviour be always explained by self-interested motivations?

   'अन्य के बारे में' अधिमान ('other-regarding' preferemces) का अर्थ समभाइये। क्या आपका मानना है कि उदार व्यवहार तर्कहीन है? क्या सहकारी व्यवहार को हमेशा स्वार्थ की मंशा से समभाया जा सकता है? 20

10. What is the logic for and the forms of governmental regulation? What are the limitations to the demand for such governmental regulation?

    सरकारी विनियमन का तर्क और उसके रूप क्या हैं? सरकारी विनियमन की मांग की क्या सीमाएं हैं? 8,12